# राज कुंद्रा बने 'ट्रेटर्स' शो के सबसे महंगे कंटेस्टेटं, करण जौहर के रियलिटी शो से करेगें डेब्यू।

Publisher

Published on | 29 May 2025



## राज कुंद्रा का पहला रियलिटी शो 'ट्रेटर्स' 12 जून से अमेज़न प्राइम वीडियो पर होगा स्ट्रीम ; मेकर्स ने दी सबसे बड़ी फीस।

**मुंबई, 29 मई 2025:** बॉलीवुड निर्माता **करण जौहर** द्वारा प्रस्तुत और होस्ट किया जाने वाला नया रियलिटी शो '**ट्रेटर्स**' अब दर्शकों के बीच चर्चा का बड़ा कारण बन गया है। यह शो विश्वप्रसिद्ध डच रियलिटी सीरीज़ '**De Verraders**' का भारतीय संस्करण है और इसमें शामिल हो रहे सितारों की लिस्ट भी काफी चर्चित है।

हालांकि शो के कई नामी प्रतिभागी सामने आ चुके हैं, लेकिन **राज कुंद्रा** की एंट्री ने सभी को चौंका दिया है। रिपोट्र्स की मानें तो **राज कुंद्रा इस शो के सबसे ज्यादा फीस पाने वाले कंटेस्टेटं है**। यह उनकी पहली रियलिटी शो में भागीदारी है और उनके रहस्यमयी व्यक्तित्व को देखते हुए मेकर्स ने उन्हें भारी रकम ऑफर की है।

**कौन-कौन होगा शो मे शामिल ?**

शो में **राज कुंद्रा** के साथ नजर आएंगे कई जाने-पहचाने चेहरे जैसे:

१. **करण कुंद्रा**
२. **जैस्मिन भसीन**
३. **उर्फी जावेद**
४. **रफ़्तार**
५. **महीप कपूर**
६. **एल्विश यादव**
७. **सुफी मोटिवेटर**
८. **अपूर्वा मुखीजा**

व**हीं, हर्ष गुर्जराल, जन्नत जुबैर, मुकेश छाबड़ा, और पुरव झा** जैसे नाम भी संभावित प्रतिभागियों की सूची में शामिल हैं।

इस थ्रिल और माइंड गेम्स से भरे शो का **प्रीमियर 12 जून 2025 को अमेज़न प्राइम वीडियो** पर होगा और इसके नए एपिसोड **हर गुरुवार रात 8 बजे प्रसारित** किए जाएंगे।

### पंजाबी फिल्मों मे भी कर रहे है डेब्यू

रियलिटी शो के साथ-साथ **राज कुंद्रा अब पंजाबी सिनेमा** में भी कदम रख रहे हैं। उनकी पहली पंजाबी फिल्म '**मेहर**', जिसे डायरेक्ट किया है राकेश मेहता ने, **5 सितंबर 2025** को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी। यह फिल्म **प्यार, दोस्ती और जिंदगी के रिश्तों** को नए सिरे से पेश करेगी।

सूत्रों की मानें तो राज कुंद्रा की दो और **पंजाबी फिल्मे पांइपलाइन** में हैं, जिनके टाइटल अभी घोषित नहीं किए गए हैं। इससे साफ है कि वह अब एक्टिंग करियर को गंभीरता से आगे बढ़ा रहे हैं।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: THE VIEWS/CONTENTS EXPRESSED/PRESENTED HEREIN, WITHIN THIS ADVERTORIAL AND PROMOTIONAL FEATURE ARE THE SOLE AND EXCLUSIVE RESPONSIBILITY OF INDIVIDUAL CLIENTS/EXPERT/THEIR AUTHORISED REPRESENTATIVE/PUBLISHER, TO WHICH EFFECT, PUBLICATION HOUSE/ITS REPRESENTATIVE/AFFILIATES ARE NOT RESPONSIBLE/LIABLE WHATSOVER.